Mahendra's Daily Current Affairs: 29.08.2021

1-The Government launched various initiatives of National Education Policy (NEP) 2020 to make education more inclusive and prepare students for 21st century.

सरकार ने शिक्षा को अधिक समावेशी बनाने और विदयार्थियों को 21वीं सदी के लिए तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की।

2-The Government has launched a new geospatial planning portal, 'Yuktdhara', that will help in facilitating new MGNREGA assets using remote sensing and geographic information system-based data.

सरकार ने एक नये भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल 'युक्तधारा' की शुरुआत की है, यह पोर्टल, रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली-आधारित डेटा का उपयोग करके नई मनरेगा संपत्तियों को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।

3-A Rs 39-crore memorial for late DMK president and former Chief Minister M Karunanidhi will be constructed at the Marina on Kamarajar Salai in recognition of his efforts to create a "modern Tamil Nadu.

द्रमुक के दिवंगत अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि का स्मारक कामराजर सलई में मरीना तट पर "आधुनिक तमिलनाडु" बनाने के उनके प्रयासों के सम्मान में स्थापित किया जाएगा जिसकी लागत 39 करोड़ रुपये है।

4-Karnataka became the first State in the country to launch the National Education Policy (NEP) 2020 officially.

कर्नाटक आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

5-Markets regulator Sebi has empanelled as many as 16 entities -- including BDO India, Ernst & Young and Deloitte Touche Tohmatsu India -- for conducting forensic audits of financial statements of listed companies as part of efforts to curb frauds.

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बीडीओ इंडिया, अनर्स्ट एंड यंग और डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया सहित 16 इकाइयों का पैनल बनाया है जो सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय लेखे-जोखे का फॉरेंसिक ऑडिट करेगा। धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियामक ने यह कदम उठाया है।

6-Multi EV retail platform BLive and Bengaluru-based Ather Energy announced a strategic partnership to drive adoption of electric vehicles at tourist destinations in the country.

इलेक्ट्रिक स्कूटर कंपनी अथर एनर्जी और मल्टी ईवी खुदरा मंच बीलाइव ने देश के पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रोत्साहन देने के लिए रणनीतिक भागीदारी की घोषणा की है।

7-The country's gross domestic product (GDP) is expected to grow at around 18.5 percent with an upward bias in the first quarter of the current financial year, according to SBI research report Ecowrap.

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष **2021-22** की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में **18.5** प्रतिशत रहेगी, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट इकोरैप में यह अनुमान लगाया गया है।

8-The Delhi International Airport Limited (DIAL) has signed a memorandum of understanding with Medanta hospital to set up a COVID-19 care centre at the Delhi airport for its employees and their family members.

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लि. (डॉयल) ने दिल्ली हवाईअड्डे पर अपने कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए कोविड देखभाल केंद्र बनाने के लिए मेदांता अस्पताल के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) किया है।

9-Honda Cars India Ltd (HCIL) has joined hands with Canara Bank to offer retail finance schemes to customers.

होंडा कार्स इंडिया लि. (एचसीआईएल) ने अपने ग्राहकों को वाहन खरीदने के लिए वित्तपोषण की सुविधा उपलब्ध कराने को केनरा बैंक से हाथ मिलाया है।

10-A year after banning fans entirely because of the coronavirus pandemic and lowering prize money due to lost revenue, the U.S. Tennis Association announced that it will be boosting total player compensation to a record $57.5 million, slightly more than the $57.2 million in 2019.

कोरोना वायरस महामारी के कारण स्टेडियम में दर्शकों पर पूर्ण प्रतिबंध और राजस्व के नुकसान के कारण इनामी राशि में कटौती के बाद अमेरिकी टेनिस संघ ने घोषणा की कि वह कुल इनामी राशि को बढ़ाकर **5** करोड़ **75** लाख डॉलर कर रही है जो **2019** के **5** करोड़ **72** लाख डॉलर से कुछ अधिक है।